'विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में राजस्थान निभा रहा महती भूमिका'

- प्रभारी मंत्री मीणा ने कहा कि उदयपुर जिले में पर्यटन, खनन, खाद्य प्रसंस्करण, मार्बल, रियल एस्टेट, आर्ट सहित कई क्षेत्रों में विकास की प्रचूर संभावनाएं हैं
- राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट में हुए 13 हजार करोड़ के 183 एमओयू
- 'निवेशकों को हर संभव सहयोग के लिए संकल्पित है सरकार'

राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा सहित अन्य अतिथिगण।

उदयपुर, (कासं)। जिले के प्रभारी व राजस्व तथा उपनिवेशन विभाग मंत्री श्री हेमन्त मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना देखा है। इसमें मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान महती भूमिका निभा रहा है। राज्य सरकार नई निवेश प्रोत्साहन नीति- 2024 के माध्यम से प्रदेश में निवेश को बढ़ावा दे रही है। निवेशकों को हर संभव सहयोग के लिए सरकार पूरी तरह से कटिबद्ध है।

श्री मीणा मंगलवार को झीलों की नगरी उदयपुर स्थित होटल रेडिसन ब्लू में जिला प्रशासन, जिला उद्योग केंद्र तथा रीको के तत्वावधान में आयोजित राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, युडीए आयुक्त राहुल जैन, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर वारसिंह, एसडीएम गिर्वा रिया डाबी, उदयपुर चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष मांगीलाल लुणावत, लघु उद्योग भारती अध्यक्ष मनोज जोशी भी बतौर विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहे।

प्रभारी मंत्री श्री मीणा ने कहा कि उदयपुर जिले में पर्यटन, खनन, खाद्य प्रसंस्करण, मार्बल, रियल एस्टेट, आर्ट सहित कई क्षेत्रों में विकास की प्रचूर संभावनाएं हैं। उन्होंने निवेशकों का आ ान करते हुए कहा कि आइ्ये, उदयपुर में निवेश करके अपने व्यापार को नई ऊंचाई दें और राजस्थान और देश के विकास में सहभागी बनें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राजस्थान सरकार कंधे से कंधा मिलाकर निवेशकों के साथ रहेगी और हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। प्रभारी मंत्री मीणा ने कहा कि किसी भी औद्योगिक इकाई के लिए भूमि की उपलब्धता पहली आवश्यकता रहती है। राजस्व विभाग मंत्री होने के नाते उन्होंने भरोसा दिलाया कि भूमि आवंटन संबंधित प्रकरणों का त्वरित गति से निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन और सभी विभागों की ओर से भी निवेशकों को पूरी तरह से सहयोग किए जाने की बात कही।

विशिष्ट अतिथि उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने कहा कि उदयपुर पर्यटन और खनन के लिए पूरे विश्व में पहचान बना चुका है। राइजिंग राजस्थान के जरिए नए निवेश प्रस्तावों से उदयपुर विकास की नई इबारत लिखेगा। औद्योगिक विकास के साथ ही रोजगार के अवसर खुलने से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने भी निवेशकों को जनप्रतिनिधियों, राज्य सरकार तथा स्थानीय प्रशासन की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

समारोह के दौरान प्रभारी मंत्री मीणा सहित अतिथियों की ओर से जिला स्तर पर प्राप्त 13 हजार करोड़ रूपए के 183 निवेश प्रस्तावों पर एमओयू का हस्तांतरण किया गया। इनमें से करीब 1500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव कार्यक्रम के दौरान हाथों-हाथ ही प्राप्त हुए। इनमें पर्यटन, खनन, फर्टीलाइजर, मार्बल उद्योग, फुड प्रोसेसिंग आदि क्षेत्रों से जुड़े प्रस्ताव शामिल हैं। इन इकाइ्यों की स्थापना से उदयपुर जिले में 35 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा, रीको के उपमहाप्रबंधक अजय पाण्ड्या व संजय नैनावाटी सहित अन्य ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रभारी मंत्री श्री मीणा सहित अतिथियों ने राइजिंग राजस्थान ब्रॉशर का विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान उदयपुर में निवेश संभावनाओं पर वीडियो फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्यमी वीरेंद्रसिंह राणावत, जे.के. टालिया, एनआरआई रमेशचंद्र पाटीदार, उद्यमी मांगीलाल लुणावत सहित अन्य ने उदयपुर में उद्यम स्थापित करने तथा सफल होने के संबंध में अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक सुशील मीणा, जिला उद्योग अधिकारी जोखाराम मेघवाल, प्रिंस परमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण तथा निवेशक उपस्थित रहे। इन्वेस्टर समिट स्थल पर उदयपुर की विभिन्न कलाओं, खनन संपदा आधारित उपक्रमों आदि की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रभारी मंत्री ने उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन

उदयपुर, (कासं)। महात्मा गांधी विद्यालय बलूचिस्तान कॉलोनी के तत्वाधान में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 17 तथा 19 छात्र-छात्रा का आज गांधी ग्राउंड में समापन हुआ। सेंट एंथोनीज बलीचा ने प्रतियोगिता की जनरल चैंपियनशिप बनाई। प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक संजय बडाला ने बताया की इस अवसर पर मुख्य अतिथि अर्थ डायग्नोस्टिक के सीईओ डॉ अरविंद सिंह ने कहा कि यदि व्यक्ति खेल को जीवन में नियमित रूप से शामिल कर ले तो उसे स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या या बीमारी नहीं होती। कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि चौकसी ग्रुप इंडस्ट्रीज डायरेक्टर नम्रता चौकसी ने कहा की शिक्षा व खेल में हमारे कंपनी की ओर से पैसे की कोई कमी नहीं आएगी, हम हर स्तर पर विद्यालयों के खेल और शिक्षा के लिए धन उपलब्ध करा रहे हैं। सिक्योरिटीज के फाउंडर डायरेक्टर भूपेंद्र धाबाई ने कहा खेलों के द्वारा बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज में सिक्योरिटी अधिकारी का पद भी प्राप्त कर सकते हैं। रक्त वाहिनी युवा मोर्चा के संस्थापक रोहित जोशी ने रक्तदान का महत्व बताया। प्रतियोगिता प्रभारी पीयूष सुखवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 180 विद्यालय के एक हजार बालक बालिकाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय आने वाले सभी खिलाड़ी राज्य स्तर पर होने वाली एथलीट्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता सचिव अनिल कुमावत ने आज हुई विभिन्न स्पर्धा के बारे में बताया कि बालक 19 वर्ष में पीएमश्री फतेह चैंपियन बना । बालिका 19 वर्ष में कालिया बावसी चैंपियन बना। बालक 17 वर्ष में सेंट एंथोनी चैंपियन और बालिका 17 वर्ष में बछार चैंपियन बना। साथ ही जनरल चैंपियनशिप बनाकर सेंट एंथोनी बलीचा विजेता और उपविजेता बछार रहा।

सामान चोरी

उदयपुर, (कासं)। गोगुन्दा कस्बे में स्थित मोबाईल दुकान से चोर मोबाईल व एसेसरिज चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित भूताला निवासी लक्ष्मणसिंह पुत्र चंदनसिंह ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका, नाथद्वारा

सं./न.पा.नाथ/90क/24/12074 दिनांक : 21.10.2024

लोक - सूचना

श्रीमती कमला बाई पत्नी गोपीलाल खटीक निवासी भानसोल तहसील मावली जिला उदयपुर, श्री रवि पुत्र मोहनलाल खटीक निवासी नेडच तहसील देलवाडा, जिला-राजसमन्द ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर -कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
देलवाड़ा जिला-राजसमन्द	राबचा	1670/786, 1671/786, 1897/786	कुल रकबा 0.0866 हैक्टर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 21.10.2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त ,नगर पालिका ,नाथद्वारा

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका, नाथद्वारा

सं./न.पा.नाथ/90क/24/12103 दिनांक : 22.10.2024

लोक - सूचना

श्री हिमांशु मीणा पिता श्री नरेन्द्र कुमार मीणा निवासी 33 मीरानगर ओल्ड आरटीओ ऑफिस रोड, प्रताप नगर, बडगांव, उदयपुर जिला-उदयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर -कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
नाथद्वारा जिला - राजसमन्द	उपली ओडन	2504/482, 2505/482	कुल रकबा 1.5176हैक्टर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 22.10.2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त ,नगर पालिका ,नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Ph. 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2024/12048 दिनांक : 21.10.2024

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री पवन राठी एवं श्रीमती लीना राठी नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-18 ए बिच्छु मगरी, नाथद्वारा	खुला चौक 10 फिट चौड़ा	दामोदर भाटिया की भूमि	श्रीमती वर्षा भाटिया का भूखण्ड	रास्ता 30 फिट चौड़ा

आयुक्त, नगपालिका नाथद्वारा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

कपासन शाखा, पब्लिक पार्क के सामने, स्टेशन रोड़, कपासन, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान
मोबाईल नं.: 8875006617, ई-मेल: kapasa@bankofbaroda.com

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखे]
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **मैसर्स गुरूकृपा इंडस्ट्रीज, प्रोपराईटर श्रीमती काली पत्नी श्री सुरेश चन्द्र बैरवा एवं जमानतदार श्री सुरेश चन्द्र बैरवा पुत्र स्व. श्री देवीजी बैरवा एवं श्री कैलाश चन्द्र बैरवा पुत्र स्व. श्री देवीजी बैरवा** पर मांग सूचना **दिनांक 05.07.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 05.07.2024 को बकाया राशि रू. 22,82,257.64 (रूपये बाईस लाख बयासी हजार दो सौ सतावन एवं पैसे चौंसठ मात्र) (दिनांक 30.06.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 17, माह अक्टूबर, वर्ष 2024** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 05.07.2024 को बकाया राशि रू. 22,82,257.64 (रूपये बाईस लाख बयासी हजार दो सौ सतावन एवं पैसे चौंसठ मात्र) (दिनांक 30.06.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, कपासन शाखा, पब्लिक पार्क के सामने, स्टेशन रोड़, कपासन, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री सुरेश चन्द्र बैरवा पुत्र स्व. श्री देवीजी बैरवा एवं श्री कैलाश चन्द्र बैरवा पुत्र स्व. श्री देवीजी बैरवा के नाम साम्यिक बंधक आवासीय मकान (पट्टा नं. 003) जो गाँव जाशमा, ग्राम पंचायत जाशमा, खसरा नं. 3593, तहसील भोपाल सागर, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1362.50 वर्ग फीट है। सीमाएं- उत्तर: आम रास्ता, दक्षिण: आम रास्ता, पूर्व: श्री कैलाश बैरवा का मकान, पश्चिम: श्री डालू राम जाट का मकान

दिनांक: 17.10.2024
स्थान: चित्तौड़गढ़

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी

आदिवासी त्रिदिवसीय कला उत्सव समागम आज से

- कला उत्सव में समूह गान, पेंटिग, स्टोरी टेलिंग, थियेटर, आशु भाषण, वाद-विवाद, रचनात्मक लेखन, सस्वर पाठ, काव्य पाठ सहित कुल 26 इवेंट होंगे

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली के तत्वावधान में एकलव्य मॉडल रेजिडेंसियल स्कूल राजस्थान राज्य सोसायटी द्वारा राज्य के एकलव्य आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को कला उत्सव के तहत त्रि दिवसीय सांस्कृतिक एवं साहित्यक प्रतियोगिता बुधवार प्रातः 11 बजे सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विवेकानन्द सभागार में शुरू होगी।

एकलव्य मॉडल रेजिडेंसियल स्कूल सोसायटी राजस्थान की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि माननीय सांसद डॉ. मन्नालाल रावत होंगे। अध्यक्षता उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा करेंगे और विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख श्रीमती ममता कंवर होगी।उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय इस आयोजन में 605 छात्र व 374 छात्राएं कुल 979 विद्यार्थी एवं 105 शिक्षक कुल 1084 विद्यार्थी एवं शिक्षक भाग ले रहे हैं। कला उत्सव में समूह गान, समूह नृत्य, वाग्मिता, इंस्ट्रुमेंटल, पेंटिग, स्टोरी टेलिंग, थियेटर, आशु भाषण, वाद-विवाद, रचनात्मक लेखन, सस्वर पाठ, संस्कृत श्लोक, वोकल म्यूजिक, विजुअल आर्ट, ड्रामा, काव्य पाठ सहित कुल 26 इवेंट होंगे। वहीं शिक्षकों के लिए संगीत में वोकल (शास्त्रीय एवं अर्धशास्त्रीय), इन्स्ट्रूमेंटल एवं लोकल संगीत प्रतियोगिताएं होगी।

प्रशिक्षण सम्पन्न

उदयपुर, (कासं)।आईसीआईसीआई आरसेटी संस्थान, उदयपुर में संचालित 6 दिवसीय एफएलसी- सीआरपी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आज आयोजित किया गया ि कार्यक्रम में 25 प्रशिक्षनाथि्यों को सर्टिफिकेट एवं टूलकिट दिए गए ि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आईसीआईसीआई आरसेटी एवं राजीविका के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है ि ग्रामीण विकास में वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संसाधन व्यक्ति की भूमिका वित्तीय साक्षरता कक्षाएं संचालित करना और वित्तीय समावेशन गतिविधियों को चलाना है।

ग्रामीण विकास में सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (सीआरपी) की कुछ अन्य भूमिकाएँ इस प्रकार हैः एफएलसी सीआरपी ग्रामीण महिलाओं के बने हुए समूह को प्रशिक्षित करने में मदद करते हैं। सामाजिक विकास कार्यक्रम में सीआरपी महिलाऐं एसएचजी, उत्पादक समूह और उत्पादक कंपनियों को बनाने और मजबूत करने के लिए प्रेरित करने में मदद कर सकती है।

आत्मविश्वास ही सबसे बड़ी पूंजी : सुखवाल

उदयपुर, (कासं)। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में गुणवत्तायुक्त शिक्षा की दृष्टि से देखें तो सरकारी स्कूलों का कोई सानी नहीं है, बस विद्यार्थी पूर्ण मनोयोग से प्रयास करें तो सफलता अवश्य ही मिलेगी।

सुखवाल मंगलवार को होटल रेडिसन ब्लू में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थि्यों को प्रोत्साहित करने के लिए कशती फाउंडेशन, सेंडीस ट्रेवल टेल्स व रेडिसन ब्लू के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'एक्सप्लोरिंग द होराइजन्स' शीर्षक से आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से कशती फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की और कहा कि आत्मविश्वास ही सबसे बड़ी पूंजी है, ऐसे में वे पूरे आत्मविश्वास के साथ कॅरियर निर्माण के लिए योजनाबद्ध रूप से अभी से जुट जावें। उन्होंने विद्यार्थियों को अखबार और मैगजीन को पढ़ने की आदत विकसित करने का आव्हान किया। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन जागृति के बारे में भी जानकारी देते हुए मदद के लिए तत्पर होने की प्रतिबद्धता जताई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल ने मौजूद विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से अपनी जन्मस्थली मावली में पलानाकला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययन के दौरान बारहवीं कला वर्ग में मेरिट में नवें स्थान पर आने के बाद अभिभावकों द्वारा देहली विश्वविद्यालय में प्रवेश दिलाकर प्रशासनिक सेवाओं में कॅरियर बनाने का अवसर मुहैया करवाने की जानकारी भी सझा की। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में भी यदि विद्यार्थी पूरी मेहनत करें तो वे अच्छा कॅरियर बना सकते हैं। विशिष्टि अतिथि फेशन डिजाइनर विशाल राठौड़ ने कहा कि कौशल निखारने व कॅरियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों को स्कील इंडिया वेबसाइट का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें हमारी संस्कृति को बचाकर रखना है। लहरिया, बंधेज आदि हमारी प्राचीन संस्कृति हैं, हम अपनी संस्कृति को भूल रहे हैं और विदेशी इसे अपना रहे हैं। बतौर अतिथि अपने संबोधन में रेडिसन ब्लू के वाइस प्रेसिडेंट (ऑपरेशंस) महेश सिंह जसरोटिया व गोगुंदा सीबीईओ प्रेरणा नौसालिया ने विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर की उपलब्धता के बारे में बताया।

ग्रामीण महिला सशक्तिरण व सफलता की मिसाल बनी श्यामू बाई

- जिंक़ की समाधान परियोजना में एफपीओ घाटावाली माता जी के निदेशक मण्डल सदस्यों में शामिल

श्यामू बाई पशुधन का उचित प्रबंधन कर रही है।

उदयपुर, (कासं)। बिछड़ी गांव की श्यामू बाई के चेहरे पर आत्मविश्वास और उत्साह ग्रामीण महिला सशक्तिकरण और सफलता की मिसाल है। श्यामू बाई अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा के लिये हमेशा प्रोत्साहित करती है जिसके परिणाम स्वरूप बड़ी बेटी आज सिविल सेवा की तैयारी कर रही है और छोटी बेटी उच्च माध्यमिक की छात्रा है। ये सब कुछ वर्शो पहले आसान नही था और आम लोगो की ही तरह ष्यामू बाई को भी अपने परिवार के पालन पोशण की चिंता परेशान करती थी। लेकिन ये सब संभव हो पाया हिन्दुस्तान जिंक़ की समाधान परियोजना से जुड़ने पर। वर्तमान में श्यामू बाई घाटावली माताजी एफपीओ के निदेशक मण्डल के सदस्यों में से एक हैं। पहले, वह अक्सर परिवार की आर्थिक स्थिति और पशुधन प्रबंधन को लेकर चिंतित रहती थी। अब वह कृषि और पशुधन पालन के तरीकों पर नियमित बैठकों और जानकारी साझा करने के माध्यम से, वह अब अपने निर्णय लेने में सशक्त और आश्वस्त महसूस करती है। रोजाना दूध के अलावा, श्यामू बाई घरेलू उपभोग के लिए घी, छाछ, पनीर और दही भी बनाती हैं, जिससे उनकी पोषण संबंधी जरूरतें पूरी होती हैं। दूध बेचने से होने वाली आय का उपयोग मुख्य रूप से घरेलू खर्चों, अपने मवेशियों के लिए चारा खरीदने और अपने बच्चों की शिक्षा के लिए ट्यूशन फीस का भुगतान में किया जाता है। श्यामू बाई और उनके पति सक्रिय रूप से अपनी बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करते हैं।श्यामू बाई डांगी और उनके पति संयुक्त रूप से अपने पशुधन का प्रबंधन करते हैं और अपनी आजीविका के लिए कृषि गतिविधियों में संलग्न हैं। इसके अलावा, श्यामू बाई के पास एक सिलाई मशीन है और वह अतिरिक्त आय के लिए कुछ सिलाई का काम करती हैं, हालांकि यह न्यूनतम है। उनके पास 6 बीघे जमीन है. उनकी आय का प्राथमिक स्रोत पशुधन पालन है, जिसमें दो भैंस, पांच गाय और तीन बछड़े हैं। पहले इन्हें दूध का सही दाम नही मिलता था एवं परिवार का खर्चा चलने में दिक्कते होती थी। पिछले दो वर्षो से, श्यामू बाई समाधान परियोजन अंतर्गत संचालित घाटावली माताजी एफपीओ के तहत डेयरी इकाई पर वसा प्रतिशत और एसएनएफ के आधार पर औसतन 38 रुपये प्रति लीटर पर दूध बेच रही हैं एवं इनका लगभग 30 से 35 लीटर प्रति दिन दुध उत्पादन होता हे । सबसे महत्वपूर्ण लाभ यह है कि उन्हें हर 10 दिन में समय पर भुगतान मिलता है, जिसकी राशि लगभग 12 से 13 हजार रुपये की आमदनी होती है, जो श्यामू बाई के बैंक खाते में जमा की जाती है।

श्यामू बाई कहती है कि वें इनपुट शॉप से गायो के लिए पशु आहार भी खरीदती हैं और अपनी गायों की नस्ल में सुधार करने के लिए समाधान परियोजना अंतर्गत संचालित कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं का उपयोग करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अच्छी नस्ल की बछडियों के होने से नस्ल सुधर हुआ है, साथ ही समाधान परियोजना से संचालित पशु शिविर से भी सहयोग लेते हे जिससे उनके पशुओ का स्वास्थ अच्छा रहता हे एवं इनका पशुओ पर दवाईयो के खर्च में भी बचत होती है। वे स्वच्छ दूध उत्पादन का भी पालन करती हैं जैसे दूध को धूल के कणों और अन्य गंदगी से छानने के लिए छलनी का उपयोग करना, दूध दोहते समय एप्रन और टोपी पहनना, थन को गर्म पानी से साफ करना, दूध के डिब्बे को साफ रखना आदि। श्यामू बाई डांगी हिन्दुस्तान जिंक़ को धन्यवाद देना नही भूलती, दूध बेचने से उन्हे समय पर भुगतान तो मिलता ही है साथ साथ उनके घाटावाली माताजी एफ पी ओ संचालन से जो मुनाफा हुआ हे उन्हें उनका डिविडेंट भी मिला है। श्यामू बाई की तरह ही हिन्दुस्तान जिंक़ की समाधान परियोजना से प्रदेष के 5 जिलों में 30, हजार से अधिक किसान परिवार लाभान्वित हो रहे है। इनमें से 3 हजार से अधिक महिला किसान विभिन्न कृषि नवाचारों को अपनाने के लिये प्रषिक्षण प्राप्त कर उन्नत कृशि से जुड़ी हैं, जबकि अन्य 5 हजार से अधिक ने बेहतर कृषि और पशुपालन की नवीन तकनीक पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसके अलावा, 10 हजार से अधिक किसानों को बेहतर कृषि पद्धतियों पर प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण हेतु जोडने के साथ ही सरकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया गया है। 15 हजार से अधिक किसानों को हाई-टेक सब्जी की खेती, लो टनल फार्मिंग, ट्रेलिस फार्मिंग, मशरूम फार्मिंग, बागवानी आदि के लिए सहायता दी गयी है।

बागी नरेन्द्र मीणा के भी बदले तेवर, कहा शांता मीणा के लिए करेंगे प्रचार

उदयपुर, (कासं)।। सलूम्बर उपचुनाव को लेकर भाजपा में चल रही भ्रम की स्थिति पर मंगलवार को विराम लग गया जहाँ भाजपा की बैठक के बाद नरेन्द्र मीणा पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में कार्य करने के लिए तैयार हो गए है इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी की सलूंबर विधानसभा प्रत्याशी शांता देवी मीणा 25 अक्टूबर को सलूंबर में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल करेंगी ।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी ने बताया की पूर्व में नामांकन तिथि 24 अक्टूबर को रखी गई थी लेकिन मंगलवार शाम को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नामांकन रैली में सम्मिलित होने का कार्यक्रम प्राप्त होने के बाद नामांकन तिथि 25 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे रखी गई हे ।25 अक्टूबर को प्रातः पार्टी कार्यकर्ताओ, जिला, प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, प्रभारी मंत्री डा हेमंत मीणा,जनजाति मंत्री बाबू लाल खराड़ी, सांसद डा मन्ना लाल रावत,निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी,विधायक उदय लाल डांगी, जिलाध्यक्ष डा चंद्रगुप्त सिंह चौहान आदि नेताओ की उपस्थिति में शुभ मुहूर्त में अपना नामांकन दाखिल करेंगी। मंगलवार को पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में सलूंबर में भाजपा से टिकट नहीं मिलने से नाराज भाजपा के दावेदार नरेंद्र मीणा अब मान गए है। उन्होंने कहा. देश पहले हैं और वे पार्टी में दो फाड़ नहीं होने देंगे। उन्होंने आज से ही भाजपा की घोषित उम्मीदवार शांता देवी के लिए चुनाव में काम करना शुरू कर दिया है। कार्यकर्ताओं ने कसम खाकर कहा कि वे भाजपा के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे।इस सम्बन्ध में उदयपुर के बलीचा स्थित भाजपा ऑफिस में आज समर्थकों और प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक सुबह 11 बजे शुरू हुई जो दोपहर 3 बजे खत्म हुई।बैठक के बाद बाहर आकर निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि नरेंद्र मीणा भाजपा में थे, है और रहेंगे।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबंधक (टीआरडी एवं जीएसयू), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्याः** मं. रे. प्र. टीआरडी-15-2024-25, **कार्य का नामः** TRD work in connection with the converting stabling line no. 9 into running line and a passenger P/F line at Udaipur station, **अनुमानित लागतः** Rs. 84,58,276.00, **बयाना